Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 11

व्यवसाय अध्ययन

व्यावसायिक संगठन, वित्त एवं व्यापार - 2

अध्याय - 11 : अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

भाग – 2

अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय के कारण एवं

अंतर्राष्ट्रीय बनाम घरेलू व्यवसाय

रूचिका सैनी

Under CSR Support by
ipca | Foundation

विवरण (Overview)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1. परिचय
2. अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में प्रवेश की विधियाँ
3. आयात-निर्यात प्रक्रिया

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय के कारण

- देश आवश्यक वस्तुओं का सस्ता और दक्ष उत्पादन नहीं कर सकते, इसलिए वे अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय करते हैं।
- इसका मुख्य कारण है प्राकृतिक संसाधनों का असमान वितरण और उत्पादकता में अंतर।
- श्रम, पूँजी और कच्चा माल जैसे संसाधनों की उपलब्धता देशों में अलग-अलग होती है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक और राजनैतिक कारणों से उत्पादन लागत व उत्पादकता में अंतर होता है।
- कुछ देश श्रेष्ठ गुणवत्ता और कम लागत पर विशिष्ट वस्तुओं का उत्पादन कर सकते हैं, जो अन्य देश नहीं कर पाते।
- प्रत्येक देश वही वस्तुएँ उत्पादित करता है जिसमें वह अधिक कुशल है और शेष वस्तुएँ उन देशों से लेता है जो उन्हें कम लागत पर उत्पादित करते हैं।

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



- इसी सिद्धांत पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आधारित है।
- आज का व्यापार भौगोलिक विशिष्टीकरण का परिणाम है, जैसा कि देशों के भीतर घरेलू व्यापार में होता है।
- भारत में पश्चिम बंगाल जूट उत्पादों में और महाराष्ट्र सूती वस्त्रों में विशेषज्ञता रखता है।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, विकासशील देश श्रम प्रधान वस्त्रों के उत्पादन और निर्यात में विशिष्ट होते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- ये देश तकनीक और पूँजी की कमी के कारण टैक्सटाइल मशीनें विकसित देशों से आयात करते हैं।
- फर्में उन वस्तुओं का आयात करती हैं जिन्हें वे कम मूल्य में प्राप्त कर सकती हैं और निर्यात वहाँ करती हैं जहाँ उन्हें अधिक मूल्य मिलता है।
- कीमत के अतिरिक्त, अन्य लाभ भी राष्ट्रों व फर्मों को अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय के लिए प्रेरित करते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER





अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय बनाम घरेलू व्यवसाय

- अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय अधिक जटिल होता है क्योंकि विदेशी बाजारों में घरेलू रणनीतियाँ लागू नहीं हो सकतीं।
- क्रेता एवं विक्रेता की राष्ट्रीयता घरेलू व्यवसाय में समान, जबकि अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में अलग-अलग होती है, जिससे संप्रेषण कठिन होता है।

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



- अन्य हितार्थियों की राष्ट्रीयता घरेलू व्यवसाय में एक समान, जबकि अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में भिन्न होती है, जिससे मूल्य एवं व्यवहार में अंतर आता है।
- उत्पादन साधनों की गतिशीलता घरेलू व्यवसाय में सीमित होती है तथा अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय में कानूनी, सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक बाधाएँ होती हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों के ग्राहक भिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के होते हैं, उनकी रुचियाँ, रुझान, भाषा, व्यवहार व प्राथमिकताएँ अलग होती हैं।
- इन्हीं कारणों से अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों के अनुसार वस्तु एवं रणनीतियाँ अनुकूलित की जाती हैं।
- व्यवसाय पद्धतियाँ व आचरण विभिन्न देशों में अत्यधिक भिन्न होते हैं, जबकि एक देश में अपेक्षाकृत समान होते हैं।

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

- कंपनियाँ अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अपनी योजनाओं को ढालती हैं।
- राजनीतिक प्रणाली व जोखिम हर देश में अलग होते हैं, फर्मों को राजनीतिक परिवर्तनों व जोखिमों के अनुसार रणनीति बनानी पड़ती है।
- राष्ट्रीय पक्षपात एक चुनौती है - विदेशी वस्तुओं की तुलना में देशी उत्पादों को प्राथमिकता दी जाती है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- व्यवसाय के नियम व नीतियाँ देश-विशेष के अनुसार अलग होती हैं। जैसे : सीमा शुल्क, कर, आयात कोटा, विदेशी पूँजी पर नियंत्रण आदि।
- मुद्राएँ भिन्न होती हैं, और विनिमय दर में परिवर्तन के कारण मूल्य निर्धारण व विदेशी विनिमय जोखिम प्रबंधन कठिन हो जाता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1. अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय के कारण
2. अंतर्राष्ट्रीय बनाम घरेलू व्यवसाय

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1 अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय करने का मुख्य कारण क्या है?

अ प्राकृतिक संसाधनों का असमान वितरण

ब उत्पादकता में अंतर

स उपलब्धता में अंतर

द उपर्युक्त सभी

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



2 विकासशील देश के विशिष्ट क्षेत्र है–

अ श्रम प्रधान

ब वस्त्रों के उत्पादन

स वस्त्रों के निर्यात

द उपर्युक्त सभी (द)

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



3 घरेलू व्यवसाय की सीमाएँ है–

अ कानूनी सीमा

ब सामाजिक सीमा

स आर्थिक सीमा

द उपर्युक्त सभी

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



4 अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय, घरेलू व्यवसाय की तुलना में अधिक जटिल है।

